कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
इन्द्रावती भवन, ब्लाक–डी (भू–तल) अटल नगर, जिला रायपुर (छ0ग0)
☎ - 2263708, 2262558 Fax - 2262558
Email Id - pmscstobc@gmail.com

क्रमांक / ऑ.ला.पो.मै.छा. / 118 / 2020–21 / 5674 नवा रायपुर, दिनांक 26 / 11 / 2020

प्रति,

आयुक्त
जनसंपर्क
छ0ग0 रायपुर

विषयः– अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कालेज स्तर) वर्ष 2020–21 की ऑनलाईन आवेदन एवं स्वीकृति संबंधी प्रेस विज्ञप्ति राज्य के प्रमुख समाचार पत्र में प्रकाशित करने बावत्।

–00–

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि छ0ग0 राज्य में संचालित समस्त शासकीय / अशासकीय आई.टी.आई., महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कालेज, नर्सिंग कालेज एवं पॉलीटेक्निक में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों एवं प्राचार्यो / संस्था प्रमुखों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की ऑनलाईन आवेदन एवं स्वीकृति की अंतिम तिथि की सूचना प्राप्त हो सके। इस हेतु राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय बहुप्रचारित दो समाचार पत्रों (जिनकी पहुंच ग्रामीण अंचलों तक हो) में लगातार तीन दिवस तक प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

संलग्नः– विज्ञप्ति।

(शम्मी आबिदी)
संचालक
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर, छ0ग0

पृ0क्रमांक / ऑ.ला.पो.मै.छा. / 118 / 2020–21 / 5675 नवा रायपुर, दिनांक 26 / 11 / 2020

प्रतिलिपिः–

1. **सचिव**, छ0ग0 शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर, छ0ग0 की ओर सूचनार्थ।
2. **कलेक्टर** (समस्त) जिला ....की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. **वरिष्ठ तकनीकी निदेशक**, राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, मध्यप्रदेश राज्य केन्द्र, भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. **सहायक आयुक्त (समस्त),** आदिवासी विकास जिला ....की ओर सूचनार्थ प्रेषित कर लेख है कि जिले में संचालित संस्थाओं को पोर्टल प्रारंभ तथा अंतिम तिथि की सूचना प्रेषित करते हुए जिले में प्रकाशित होने वाले दो स्थानीय समाचार पत्रों (जिनकी पहुंच ग्रामीण अंचलों तक हो) में उपरोक्त विज्ञप्ति को लगातार तीन दिवस प्रकाशित करायें।

संचालक
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर, छ0ग0

कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
इन्द्रावती भवन, ब्लाक–डी (भू–तल) अटल नगर, जिला रायपुर (छ0ग0)
☎ - 2263708, 2262558 Fax - 2262558

Email Id - pmscstobc@gmail.com

क्रमांक / आ.ला.पो.मै.छा. / 118 / 2020–21 / 5676 नवा रायपुर, दिनांक 26/11/2020

वर्ष 2020–21 में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के आवेदन हेतु विज्ञप्ति

छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय / अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आई.टी.आई आदि के प्राचार्य / संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत् अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, को सूचित किया जाता है कि **शिक्षा सत्र 2020–21 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के आवेदन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही http://mpsc.mp.nic.in/CGPMS** वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है।

जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों के पंजीयन एवं संस्थाओं के प्रस्ताव / स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा तिथि में वृद्धि कर वर्ष 2020–21 में निम्नानुसार तिथि निर्धारित की गई है :–

क्र	प्रक्रिया	अंतिम तिथि
1	विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु (नवीन / नवीनीकरण)	दिनांक 30.12.2020 तक
2	Draft Proposal Lock करने हेतु	दिनांक 30.11.2020 से 15.01.2021
3	Sanction Order Lock करने हेतु	दिनांक 30.11.2020 से 15.01.2021
4	संस्थाओं द्वारा KYC जमा करने हेतु	दिनांक 30.01.2021 तक

निर्धारित तिथियों के पश्चात् शिक्षा सत्र 2020–21 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन स्वीकृत नहीं किये जावेंगे एवं Draft Proposal Lock अथवा Sanction Order Lock करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा। उक्त तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वतः जिम्मेदार होंगे।

(शम्मी आबिदी)
संचालक
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर, छ0ग0